**वारदात** — वारदात के बाद से पूरे क्षेत्र में आक्रोश, सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात, आक्रोशित लोगों ने बंद कराया कैमोर का बाजार, भारी संख्या में पुलिस बल तैनात, टीआई और आरक्षक लाइन अटैच

# कैमोर में भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या

**नवभारत, कटनी।** जिले की कैमोर थाना अंतर्गत बैंक ऑफ बड़ौदा ब्रांच के सामने मंगलवार सुबह बजरंग दल के पूर्व गौ सेवा प्रमुख और भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश उर्फ नीलू रजक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद से ही क्षेत्र में तनाव है। वारदात की सूचना पर काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। वारदात के बाद जिले के पुलिस अधिकारी भी वहां पर पहुंचे। इसके अलावा जबलपुर से डीआईजी भी कैमोर पहुंचकर वारदात की जानकारी लेने के साथ ही हालत का जायजा लिया है। वारदात के बाद क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। कैमोर के व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान, दुकानें बंद कर विरोध जताया है। जानकारी के अनुसार सुबह लगभग 11 बजे दो बाइक सवार युवक बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने पहुंचे। दोनों ने चेहरा कपड़े से ढक रखा था। वहीं पर नीलू रजक सड़क किनारे खड़े हुए थे, तभी एक युवक ने नजदीक से पिस्टल निकालकर सीने पर फायर कर दिया। गोली पसलियों को चीरती हुई अंदर जा धंसी। नीलू मौके पर ही लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। गोली मारने के बाद हमलावर बाइक से तेज रफ्तार भागते हुए फरार हो गए। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हुए नीलू को स्थानीय लोगों ने विजयराघवगढ़ अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात की खबर क्षेत्र में फैलते ही पूरे कैमोर नगर में हड़कंप मच गया। काफी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर एकत्रित हो गई। क्षेत्र में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। वारदात के बाद एसपी ने कैमोर थाना प्रभारी और एक आरक्षक प्रेमशंकर पटेल को तत्काल प्रभाव से लाइन अटैच कर दिया है।





### सीसीटीवी कैमरे में कैद गोलीकांड

कैमोर में युवक को गोली मारने की वारदात क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। वारदात के बाद से सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी सोशल मीडिया में वायरल किए गए हैं। वीडियो में गोली कांड स्पष्ट नजर आ रहा है। वीडियो में दो युवक बाइक से आते दिख रहे हैं, नजदीक जाकर गोली चलाते हैं और फिर फरार हो जाते हैं। पुलिस ने फुटेज अपने कब्जे में लेकर हमलावरों की पहचान के प्रयास तेज कर दिए हैं।

वहीं सूत्रों की मानें तो मृतक नीलू रजक का कुछ महीने पहले भाटिया मोहल्ला निवासी एक युवक से विवाद हुआ था, जिसकी रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई थी। हालांकि, पुलिस फिलहाल यह स्पष्ट नहीं कर पाई है कि यह हत्याकांड उसी विवाद का परिणाम है या फिर किसी अन्य रंजिश का हिस्सा है।

### आक्रोशित लोगों ने बंद कराया कैमोर

बजरंग दल के पूर्व गौ सेवा प्रमुख नीलेश उर्फ नीलू रजक की गोली मारकर हत्या की खबर फैलते ही नगर में शोक और आक्रोश का माहौल है। आक्रोशित लोगों ने वाारदात के विरोध में कैमोर बाजार बंद करा दिया और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रशासन के खिलाफ नाराज़गी जताई। वहीं इस वारदात के बाद अमरैया पार निवासी बस चालक जोसफ द्वारा फांसी लगा ली गई। साथ ही यह भी खबर आई है कि उसकी पत्नी के भी जहर खाने की चर्चा है। इस घटना को भी गोलीकांड से जोड़कर देखा जा रहा है।

दरअसल जिस जोसफ ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है उनका प्रिंस नामक बेटा संदिग्ध आरोपी के साथ देखा गया था। पुलिस ने उसकी तलाश कर रही थी। हालांकि इस बात की पुष्टी नहीं की गई है। पुलिस ने पूरे मामले की जांच कर रही है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### आईजी-डीआईजी पहुंचे

कैमोर में हुए गोलीकांड के बाद पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया है। घटना की गंभीरता के मद्देनजर जबलपुर पुलिस महानिरीक्षक प्रमोद वर्मा स्वंय दोपहर बाद कटनी पहुंचे, जबकि पुलिस उपमहानिरीक्षक अतुल सिंह सुबह से ही कैमोर में मौजूद रहकर हालात पर नजर बनाए हैं। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर वारदात स्थल का निरीक्षण किया और स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर स्थिति का आकलन किया।

### हत्यारों को बक्शा नहीं जाएगा

कैमोर में नीलेश उर्फ नीलू रजक की गोलीमार कर की गई हत्या की जानकारी मिलने पर विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने अपनी संवेदना व्यक्त करते हुए दुख जताया है और उनके परिजनों को दुख सहन करने की प्रार्थना की है। साथ ही उन्होंने कहा कि पार्टी ने अपना एक अच्छा कार्यकर्ता समाजिक व्यक्तित्व और मैंने अपना छोटे भाई को खो दिया है। विधायक ने बिहार में अपना आगे का चुनाव प्रचार कार्यक्रमों को रद्द करते हुए तत्काल विजयराघवगढ़ लौटने का फैसला लिया है। उन्होंने पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से संपर्क करते हुए तत्काल दोषियों को पकड़ने की कार्रवाई की बात कही है।

### सासंद ने की सीएम और डीजीपी से बात

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीलेश रजक की हत्या की जानकारी मिलने के बाद सांसद वीडी शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और प्रदेश के पुलिस महानिदेशक से बात की और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

## एक नजर में

### सायबर ठगी से बचने के लिए रहे जागरूक

**नवभारत, कटनी।** वर्तमान डिजिटल युग में बढ़ते सायबर अपराधों की घटनाओं को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा नागरिकों से सायबर सुरक्षा के प्रति जागरूक और सतर्क रहने की बात कही गई है। सायबर अपराधी विभिन्न प्रकार के फर्जी कॉल, लिंक, ई-मेल एवं सोशल मीडिया संदेशों के माध्यम से नागरिकों को ठगी का शिकार बना रहे हैं। ऐसे में प्रत्येक नागरिक को सतर्क रहना अत्यंत आवश्यक है। आमजन से कहा गया है कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति को बैंक संबंधी जानकारी, ओटीपी या पासवर्ड साझा न करें तथा किसी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। किसी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या संदिग्ध गतिविधि की जानकारी प्राप्त होने पर नागरिक तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या नजदीकी पुलिस थाने में संपर्क करें। अजनबियों या अज्ञात नंबरों द्वारा भेजे गए संदेशों से प्राप्त फाइलों को कभी भी स्वीकार या डाउनलोड न करें। व्हाट्सएप के माध्यम से निजी जानकारी जैसे बैंक खाता विवरण पिन या पासवर्ड न भेजे, यह सुनिश्चित करें कि क्लाउड बैकअप बंद है, क्लाउड प्रदाता के साथ साझा करने पर वे सुरक्षित नहीं होते है। व्हाट्सएप वेब को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करें सभी कम्प्यूटरों से लॉगआउट करें। ओपन वाईफाई नेटवर्क से कनेक्ट होने पर व्हाट्सएप का उपयोग करने से बचें। टू फैक्टर ऑथेंटिकेशन को ऑन रखें। कभी भी उस संदेश पर भरोसा न करें जो व्हाट्सएप से आने का दावा करता है और सेवा के लिए भुगतान की मांग करता है। इसके साथ ही ऑटोमेटिक डाउनलोड ऑप्शन बंद रखकर भी साइबर अपराधों से सुरक्षा की जा सकती है। नागरिक अपने परिवारजनों, विशेषकर युवाओं एवं विद्यार्थियों, बच्चों को इंटरनेट के सुरक्षित उपयोग एवं सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों के संबंध में जागरूकता से ही नागरिकों को साइबर अपराधों की रोकथाम संभव है। प्रत्येक नागरिक साइबर अपराधों से सुरक्षित रहे। डिजिटल माध्यमों का उपयोग जिम्मेदारीपूर्वक और सुरक्षित रूप से करें।

## मजदूरी करने वाले गरीब को नहीं मिल रहा राशन

**जनसुनवाई में सुनी गईं 149 आवेदकों की शिकायतें**

**नवभारत, कटनी।** कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर और नगर निगम आयुक्त तपस्या परिहार ने 149 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल निराकरण के निर्देश दिए जनसुनवाई के दौरान बड़वारा तहसील के ग्राम मझगवो निवासी पंकज ने आवेदन देते हुए बताया कि वह गरीब व्यक्ति है, मजदूरी करके अपना जीवनयापन करता है, उसने राशन पर्ची में अपना नाम जुड़वाने के लिए कई बार ग्राम के सरपंच और सचिव को दस्तावेज दिए। लेकिन अभी तक उसका नाम राशन पर्ची में नहीं जोड़ा गया है। जिस पर जनपद पंचायत बड़वारा के सीईओ और जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रतानुसार नाम जुड़वाने के निर्देश दिए गए।



ग्राम इमलीगढ़ निवासी योगेश कुर्मी ने बताया कि उसके परिवार आईडी में त्रुटिवश किसी अन्य व्यक्ति का आधार लिंक हो गया है। इसे हटाने के लिए जनपद पंचायत बहोरीबंद में आवेदन दिया था। लेकिन अभी तक समग्र आईडी में सुधार नहीं किया गया है। जिस पर सुधार के निर्देश दिए गए हैं।

## संगीतमय सुंदरकांड और हुनमान चालीसा में भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**छपरवाह हनुमान मंदिर में किया गया आयोजन**

**नवभारत, कटनी।** उपनगरीय क्षेत्र छपरवाह स्थित श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में शिवशक्ति रामायण समाज के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को किए जाने वाले रामायण पाठ की 25वीं सालगिरह संगीतमय अखंड मानस पाठ, सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा के बीच पूरी श्रृद्धा, भक्ति व आस्था के साथ मनाई गई। सालगिरह के उपलक्ष्य में मंदिर परिसर में विशेष धार्मिक आयोजन शिवशक्ति रामायण समाज एवं छपरवाह हनुमान मंदिर समिति द्वारा मंदिर परिसर में प्रारंभ किए गए। धार्मिक आयोजनों श्रृंखला की शुरूआत श्रीरंगनाथ भजन परिवार के द्वारा अखंड मानस पाठ से की गई। श्रीरंगनाथ भजन परिवार के संचालक शारदा शरण शर्मा ने अपनी भजन मंडली के साथ सुमधुरधुन में संगीतमय अखंड रामायण पाठ शुरू किया। जिसका समापन दूसरे दिन 25वीं सालगिरह पर हुआ। जिसके बाद सालगिरह के उपलक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद विधि विधान से हवन पूजन किया गया। हवन व पूजन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर के पदाधिकारियों ने बताया कि श्री श्री 1008 श्री दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में शिवशक्ति रामायण समाज के द्वारा प्रत्येक मंगलवार को रामायण पाठ किए जाने की शुरूआत 24 अक्टूबर 2000 को की गई थी।



इस धार्मिक आयोजन में भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी, भाजपा नेता रवि खरे भी शामिल हुए। धार्मिक आयोजन में भंडारे का आयोजन रामकृष्ण परमहंस वार्ड पार्षद शंकुतला सोनी के द्वारा कराया गया। शिवशक्ति रामायण समाज और छपरवाह हनुमान मंदिर समिति ने आयोजन के लिए क्षेत्र और आसपास की जनता का आभार व्यक्त किया है।

## जनसेवा और समाजहित को प्राथमिकता देने के लिए किए जाएंगे याद

**समाजसेवी, राजनेता रांधेलिया को अर्पित की गई श्रद्धांजलि**

**नवभारत, कटनी।** प्रतिष्ठित समाजसेवी और राजनेता सुनील रांधेलिया को श्रद्धा सुमन अर्पित करने काफी संख्या में शहर के लोग राज पैलेस पहुंचे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर के सभी दलों के नेताओं से लेकर हर वर्ग के लोग मौजूद थे। वक्ताओं ने सुनील रांधेलिया के समाजसेवी कार्यों और संगीत के क्षेत्र में उनके योगदान को याद किया। आर्केस्ट्रा के कलाकारों ने अपने प्रिय साथी को संगीतमयी श्रद्धांजलि अर्पित की। नम आंखों के साथ अपने दिल के भाव व्यक्त करते हुए हर वक्ता ने कहा कि सुनील रांधेलिया ने लोगों के दिलों में अपनी जगह बनाई है। वे हमेशा याद आएंगे। श्रद्धांजलि सभा की शुरुआत में रांधेलिया परिवार के सदस्यों धर्मपत्नी श्रीमती सुधा रांधेलिया, बहन अर्चना मलैया और बहनोई प्रकाश मलैया, बेटी स्वर्णिमा और दामाद अनंत जैन, पुत्र संभव और पुत्रवधु श्वेता, बेटी सौम्या, भांजे संकेत और अस्मिता मलैया सहित पटोरिया परिवार, पांडे परिवार, शर्मा परिवार, शुक्ला परिवार, पाठक परिवार और रांधेलिया परिवार के अन्य सदस्यों की मंच पर मौजूदगी के बीच आर्केस्ट्रा स्वीट सॉन्ग मेकर्स के कलाकारों ने सुनील रांधेलिया द्वारा कंपोज की हुई धुन के साथ मंगलभावना की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य सामजिक जनो ने कहा सुनील भैया द्वारा स्वास्थ शिविरों के आयोजन में दिए गए योगदान को याद किया तो किसी ने उनके बचपन और युवा दिनों के जुड़ाव की याद ताजा की। श्रद्धांजलि सभा में मुड़वारा विधायक संदीप जायसवाल, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश दीक्षित, कांग्रेस नेता अंशू मिश्रा सहित काफी संख्या में शहर के लोग मौजूद रहे।



## शीतलहर से बचाव के लिए जारी की गई एडवाइजरी

**कलेक्टर ने दिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश**

**नवभारत, कटनी।** आगामी शीतकालीन मौसम में प्रदेश सहित देश के अधिकांश भागों में तापमान सामान्य से न्यूनतम रहने की संभावना के चलते जनसमुदाय को शीतलहर से बचाने के लिए राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के निर्देश पर कलेक्टर आशीष तिवारी द्वारा विभागों को सभी आवश्यक कदम उठाने के सुझाव देते हुए जनसामान्य के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। एडवाइजरी में नागरिकों को सुझाव दिया गया है कि शीतलहर से पहले सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में रखें। कपड़ों की कई परतें पहनना भी लाभदायक रहता है। आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी सामान तैयार रखें। जितना संभव हो, घर के अंदर रहें, ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें, कपड़े गीले हो जाएं तो उन्हें तत्काल बदलें। इससे शरीर की ऊष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी लेते रहें। साथ ही नियमित रूप से गर्म पेय पिए और बुजुर्गों और बच्चों का ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे हाथ की उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोंक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहे। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश नहीं करें, इससे अधिक नुकसान हो सकता है।

शीतदंश से प्रभावित हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। इसके अलावा कंपकपी को नजरअंदाज नहीं करें। यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकपी महसूस होने पर तत्काल घर लौटें। व्यक्ति को गर्म स्थान पर ले जाएं और कपड़े बदल दें। व्यक्ति के शरीर को सूखे कंबलों, कपड़ों, तौलियों या चादर से गर्मी दें।

## यात्री बसों की जांच, वसूला 13 हजार रूपए का जुर्माना

**एआरटीओ की टीम ने की कटनी-मैहर रोड में कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** बिना परमिट, फिटनेस, लाइसेंस के अवैध रूप से संचालित होने वाले वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कलेक्टर श्री आशीष तिवारी द्वारा समय-सीमा बैठक में दिए गए निर्देश के पालन में मंगलवार को परिवहन विभाग द्वारा कटनी-मैहर रोड पर यात्री बसों की चेकिंग कर सात वाहनों से 13 हजार रूपए का समन शुल्क वसूला गया। जांच टीम द्वारा बस में अग्निशमन यंत्र उपलब्ध नहीं पाए जाने पर कार्रवाई की गई। रीवा से कटनी की ओर बारात परमिट पर संचालित हो रही बस पर भी कार्रवाई करते हुए जुर्माना वसूल किया गया। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाईयां भविष्य में भी लगातार रूप से जारी रहेगी। ताकि सभी वाहन और बस संचालक नियमों का पालन करें और यात्रियों की सुरक्षा तय हो सके। कार्रवाई से चालकों में हड़कंप मचा हुआ है।



## आमदनी में वृद्धि और जिंदगी में आए बदलाव का किया जाए आकलन

**जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक**

**नवभारत, कटनी।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के अंतर्गत वाटरशेड जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक सोमवार को कलेक्टर आशीष तिवारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ सुश्री हरसिमरनप्रीत कौर भी मौजूद रहीं। बैठक में कलेक्टर ने वाटरशेड योजना सहित विभिन्न योजनाओं के अभिसरण से किए गये कार्यों के क्रियान्वयन के बाद आमजन के जीवन में आए बदलावों और प्रभावों का विश्लेषण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में क्लस्टर आधारित सब्जी उत्पादन गतिविधि में किसानों की संख्या को बढ़ाने और ग्रामीणों को चिया की खेती के प्रति और प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि किसानों को चिया सीड का वाजिब मूल्य दिलानें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से मार्केटिंग व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसानों को अच्छी कीमत मिलने से वे इसकी खेती के प्रति प्रोत्साहित होंगे। कलेक्टर ने कहा कि मां की बगिया और अन्य जलीय संरचनाओं के निर्माण में साइट सलेक्शन के लिए सिपरी साफ्टवेयर का उपयोग किया जाए। बैठक में बताया गया कि वाटरशेड और राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन की संयुक्त अभिसरण से मुर्रा प्रजाति की 94 भैंस स्व-सहायता समूहों के माध्यम से हितग्राहियों को दी गई हैं। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि भैंस प्राप्त करने वाले परिवारों के आमदनी में वृद्धि और इसके बाद उनकी जिंदगी में आये बदलाव के प्रभाव का भी आकलन किया जाए।



**धर्म** — संपूर्ण विश्व के कल्याण और शांति के लिए भगवत चरित्र की कथाएं की जा रही हैं- स्वामी श्रीरामकृष्णाचार्य

## टोने-टोटके से किसी का भला नहीं होने वाला, ऐसा करना समाज में भ्रम फैलाना है

**नवभारत, कटनी।** नई बस्ती स्थित श्री वेंकटेश सत्संग भवन में जगद्गुरु रामानुजाचार्य जी की शिष्य परंपरा के आचार्य श्रीश्री 1008 श्री रामकृष्णाचार्य स्वामी द्वारा पत्रकारों से सनातन धर्म पर चर्चा करते हुए बताया गया कि आज समस्त विश्व में विसंगतियां बढ़ती जा रही हैं और इन विसंगतियों को दूर करने के लिए साथ ही समाज में समरसता एवं शांति स्थापित की जाए इसके लिए हमें हमारे ऋषि मुनियों द्वारा बनाई गई मर्यादा का पालन करना बहुत ही जरूरी है लोग अपनी इच्छा से कार्य कर रहे हैं जबकि प्रत्येक मनुष्य को अपने गुरु जनों के सानिध्य में रहकर उनसे सही मार्ग पूछ कर शास्त्र आज्ञा अनुसार कार्य करना चाहिए समाज में प्रेम और सौहार्द का वातावरण बनाया जा सके जिससे समस्त विश्व में शांति स्थापित हो सके।

आज इसी के लिए जगह-जगह साधू, महात्माओ, कथाकार और संतो द्वारा भागवत चरित्र की कथाएं, सत्संग आदि कि जा रही है। उसी के एक रूपक के रूप में कटनी में श्रीराम कथा का आयोजन श्रीवेंकटेश सत्संग समिति द्वारा किया जा रहा है श्री राम कथा के माध्यम से कटनी शहर के नागरिकों को भगवान के चरित्र से अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके उसे वह अपने जीवन में उतर सके यही इस आयोजन की सार्थकता है। सनातन धर्म मानव कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है और इसी को ध्यान में रख करके अपने प्रतिदिन के क्रियाकलापों में जीवनचर्या में क्या-क्या करना आवश्यक है इन बातों को प्रभु श्री रामचंद्र जी ने उनके भाई श्रीभरतजी, श्री लक्ष्मण जी, श्री शत्रुघ्न जी और उनके पिता महाराजा दशरथ समकालीन आचार्य ऋषि मुनियों ने, भगवान के भक्त केवट, भक्त शबरी आदि द्वारा एक बड़ा उदाहरण हम सभी के समक्ष प्रस्तुत किया है। पत्रकार वार्ता में सनातन धर्म से लोगों द्वारा राजनीतिक लाभ के प्रश्न को पूछा गया। जिसका जवाब देते हुए युवराज स्वामी द्वारा कहा गया कि धर्म और राजनीति को अलग नहीं किया जा सकता लेकिन जिस राजनीति से धर्म की रक्षा न की जा सके और उसका दुरुपयोग किया जाए, वह किसी भी प्रकार से उचित नहीं है।



भगवान राम का जीवन इसका उदाहरण है उन्होंने धर्म की रक्षा के लिए समाज में शांति और कल्याण का ध्यान में रखते हुए शासन किया । पत्रकार वार्ता में कथाकरो द्वारा टोने-टोटके और शीघ्र लाभ के लिए बताए गए साधनों पर जवाब देते हुए स्वामी रामकृष्णाचार्य जी द्वारा बताया गया कि शास्त्र में भगवत प्राप्ति के लिए कर्म प्रधान माना गया है और अपने कर्मों का त्याग करके इस तरह के टोने टोटके से किसी का भला नहीं होने वाला है, यदि कोई व्यक्ति यह कर रहा है तो निश्चित रूप से वह समाज में भ्रम फैलाने का काम कर रहा है और समाज को गुमराह कर रहा है।

भगवान की प्राप्ति के लिए भगवान की भक्ति, भगवान के नाम का स्मरण, भगवान के चरित्रों का श्रवण यही श्रेष्ठतम उपाय है इसमें और कोई भी शॉर्टकट नहीं है इस अवसर पर काफी संख्या में उनके श्रद्धालुओं की भी उपस्थिति रही।

## निलंबित सचिव को जिला पंचायत सीईओ ने किया बहाल

**नवभारत, कटनी।** जिला पंचायत सीईओ हरसिमरनप्रीत कौर ने जनपद पंचायत रीठी के ग्राम पंचायत इमलाज के निलंबित सचिव बिहारी लाल विश्वकर्मा को तत्काल प्रभाव से बहाल कर दिया है। सचिव को पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरतने पर 6 फरवरी 2024 को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद आरोप पत्र जारी कर उन्हें 15 दिवस में अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया था। सचिव द्वारा 29 अगस्त 2024 को अपना प्रतिवाद प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत प्रतिवाद का परिशीलन करने पर प्रतिवाद समाधानकारक नहीं पाया गया। जिसके बाद जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से अभिमत लिया गया। जनपद पंचायत रीठी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा प्रस्तुत अभिमत से सचिव द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही बरती जाना सामने आई थी। लेकिन सचिव को बहाल कर दिया गया है।


धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED



डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन

दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/ प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।

सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।



डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ

आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
ओपीडी सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024